कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.12.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में एक पखवाड़े चला आयोजन

# 'एड्स मुक्त समाज निर्माण' में छात्राओं ने निभाई अपनी भूमिका

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश में एचआईवी/एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किये गये। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्राओं ने एचआईवी/एड्स के प्रति चेतना एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश के अनुसार रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में यह कार्यक्रम किये जाते हैं, जिसमें इस रोग के कारण, संक्रमण के तरीके, रोकथाम के उपाय तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने पर अधिक बल दिया गया। पोस्टर, स्लोगन, निबंध, प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुवी, नुक्कड़ नाटक एवं विषय विशेषज्ञ व्याख्यान आदि के माध्यम से सुरक्षित व्यवहार, भ्रांतियों से दूरी, जागरूकता ही बचाव, पीड़ित व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किये गये। निर्णायक मण्डल ने रचनात्मकता, विषयवस्तु एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर निम्न विजेताओं को चयन किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम नवशीन जहां, द्वितीय खुशी साहू एवं तृतीय लुबना अमन खान, सांत्वना खुशी बोमार्डे, रश्मि साहू रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी जांगड़े, द्वितीय गीतांजली साहू एवं तृतीय स्थान पर हेमा नायडू रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्रौपती, द्वितीय संचिता यादव एवं तृतीय स्थान पर गीतांजली देवांगन, साक्षी जांगड़े, भावना साहू रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम अदीति देवांगन, द्वितीय प्रणाली खोब्रागढ़े, तृतीय मानसी प्रसाद, सांत्वना फातिमा निजामी, कविता साहू। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम काजल सिन्हा, द्वितीय गितिका राजपूत, तृतीय रीना मांडले आदि छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

छात्राओं द्वारा रैली एवं सामूहिक शपथ ग्रहण लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 मोनिया राकेश, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 तोषिना तैलंग, डॉ0 अनामिका वस्त्रकार, डॉ0 वैभवशंकर सोनी, डॉ0 चांदनी अफसाना, कु0 तब्बसुम अली, श्री दीपक ठाकुर एवं समस्त प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रमों का संचालन रेडरिबन क्लब नोडल अधिकारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने किया।

*टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

## ‘एड्स मुक्त समाज निर्माण’ में छात्राओं ने निभाई अपनी भूमिका

